दैनिक
न्याय साक्षी



# गाइडलाइन की अनदेखी करने वाले ऑटो पार्ट्स, किराना दुकान सहित 15 व्यक्तियों पर एफआईआर

» मार्निंग वॉक व बेवजह बाइक लेकर बाहर निकले 410 लोगों पर जुर्माना » शहर में फ्लैग मार्च निकालकर लॉकडाउन का पालन की अपील, जिम्मेदार रहे घरों पर

**रायगढ़ ।** लॉकडाउन के पहले दिन मार्निंग वॉक पर निकले लोगों पर सभी थानाक्षेत्र में 500-500 रूपये का चालान कर जुर्माने की कार्यवाही की गई है, इनमें से कुछ व्यक्ति जुर्माना रकम अदा करने पर बहस करने लगे जिन्हें थाने लाया गया जिसके बाद उदंड व्यक्ति को घरवालों से रूपये मंगवाकर जुर्माना देना पड़ा। पुलिस की चौंक-चौबंध व्यवस्था व भारी जुर्माने की कार्यवाही के बाद केवल आवश्यक सेवाओं के लिये बाहर निकलनेवालों की आवाजाही रही।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर कल दिनांक 13.04.2021 को तथा आज दिनांक 14.04.2021 को कुल 15 व्यक्तियों पर कोविड-19 गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज किए गए हैं, कल थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक जीएस दुबे द्वारा निर्धारित समय के बाद बस स्टैण्ड सारंगढ में



राजेश अग्रवाल की किराना दुकान , साप्ताहिक बाजार सारंगढ में संतोष गुप्ता तथा सुशांत केशरवानी की दुकान एवं सम्राट चौक में घनश्याम अग्रवाल की किराना दुकान खुली पाये जाने पर चारों दुकान मालिकों पर धारा 269,270 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। इसी क्रम में आज सुबह छाल पुलिस द्वारा ऐडू में वैभवी आटो पार्टस की दुकान में भीड़ किये जाने तथा लालू चन्द्रा हॉटल के खुले होने पर संचालक पर अपराध कायम किया गया है, इसी प्रकार खरसिया पुलिस ग्राम भैनापारा, पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम कोड़पाली, महलोई में किराना दुकान खोलकर सामान बिक्री करते पाये जाने पर धारा 269,270 आईपीसी के तहत अपराध कायम किया गया है। आज लॉकडाउन के पहले दिन शाम तक बिना मास्क तथा बेवजह बाहर घूमते पाये गये 354 व्यक्तियों पर चालान काटा गया तथा 56 व्यक्तियों पर पृथक से मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई है, मोटर व्हीकल एक्ट में 14,500 रूपये समन शुल्क काटा गया है।

वहीं शहरवासिसों को लॉकडाउन का पालन करने का संदेश आज सुबह करीब 10:00 बजे एसपी आफिस से एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च एसपी आफिस से प्रारंभ होकर कोतवाली, कोतरारोड़, जूटमिल के बाद चक्रधरनगर थानाक्षेत्र के वार्डों का भ्रमण कर लोगों को घरों में रहने की अपील की गई। जगरूक शहरवासी भी जिला प्रशासन व जिला पुलिस को लॉकडाउन सफल बनाने में सहयोग किया जा रहा है, ज्यादातर जिम्मेदार व्यक्ति अपने घरों में थे।

### सख्ती के साथ मानवीय कार्य करते दिखी पुलिस



**जिले में लगाये गये लॉकडाउन को सफल बनाने पूरी तैयारी के साथ अधिकारी व जवान बेरियर, चेक पोस्ट , पेट्रालिंग तथा प्वाइंट ड्यूटी पर तैनात हैं। लॉकडाउन में अपेक्षा अनुसार जिलेवासियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है, आज सुबह हुई कार्यवाही बाद आमलोगों की आवाजाही बंद रही। इस सम्पूर्ण लॉकडाउन में सभी दुकाने बंद हो जाने से फुटपाथ, मंदिरों, दुकानों के बाहर ठिकाना बनाने वालों को भोजन आदि में होने वाली परेशानी को देखते हुए थाना प्रभारीगण पूर्व की ऐसे स्थानों को चिन्हित कर उनमें खाद्य सामाग्री वितरण की व्यवस्था किये थे।**

**आज सुबह चौकी प्रभारी जूटमिल अपने क्षेत्र में फुटपाथ में रहने वालों को नाश्ता व फूड पैकेट का वितरण किये। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा अपने स्टाफ के साथ जय बुढी माई सेवा समिति अनाथालय में रह रहे स्पेशल बच्चों में ड्राय राशन व फूड पैकेट का वितरण किये। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जिला अस्पताल रायगढ़ में जरूरतमंद व्यक्ति यों को भोजन वितरण किया गया। इसके साथ ही चक्रधरनगर क्षेत्र के इंदिरा विहार के बाहर बंदर व कृषिधन पशुओं को खाने की वस्तुएं दी गई। चौकी प्रभारी जोबी क्षेत्र में भ्रमण कर लॉकडाउन का पालन करने की समझाइश देते हुए वृद्धजनों में मास्क व सेनेटाइजर का वितरण किया गया।**

## लॉकडाउन में शहर का जायजा लेने निकले कलेक्टर व एसपी

**» बेवजह घूमने वालों को दी समझाइश कि आगे ऐसा करने पर होगी सख्त कार्यवाही**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह लॉक डाउन के प्रथम दिन आज शहर का जायजा लेने निकले। कलेक्टर एवं एसपी निरीक्षण के दौरान शहर के सत्तीगुड़ी चौक एवं केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड पहुंचे। कलेक्टर सिंह ने कुछ लोगों को अनावश्यक घूमते देख उन्हें समझाईश दी कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण जिले में लॉक डाउन लगाया गया है, तो इसका गंभीरता से पालन करें। आप सब अपनी जिम्मेदारी समझेंगे तभी हम कोरोना वायरस की इस कड़ी को तोड़ पायेंगे। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने इस दौरान कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति बेवजह घुमते पाये जाते है तो उन पर



जुर्माने के साथ सख्ती से कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर सिंह सुभाष चौक का निरीक्षण किया। इसके पश्चात रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां उन्होंने मुसाफिरों से बातचीत की। उन्होंने मुसाफिरों से कहा कि बाहर से आने पर वे स्वयं अपनी जिम्मेदारी को समझे और कोरोना टेस्ट करायें। क्योंकि एक संक्रमित व्यक्ति कई लोगों को संक्रमित कर सकता है।

कलेक्टर सिंह ने रेलवे स्टेशन में एक अतिरिक्त टेस्टिंग काउंटर खोलने के लिए कहा। उन्होंने स्टेशन मास्टर को सख्त हिदायत दी कि बाहर एवं दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों का अनिवार्य रूप से टेस्टिंग हो। नेगेटिव आने पर संबंधित व्यक्ति को अपने गंतव्य स्थान पर जाने दें और पॉजीटिव पाये जाने पर उसे कोविड हॉस्पिटल रिफर करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर के सुभाष चौक व रेलवे स्टेशन में मौजूद जरूरतमंद लोगों को खाने के पैकेट भी दिए।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, सीएसपी अविनाश ठाकुर, सहित पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर भीम सिंह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चल रहे टीकाकरण का जायजा लिया। उन्होंने 45 वर्ष से ऊपर सभी को शत-प्रतिशत टीकाकरण करने को कहा। टीकाकरण कराने आये लोगों से कलेक्टर ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमण को रोकने वैक्सीनेशन कारगर साबित हो रहा है।

## मोटरसाइकिल सवार की मिली खार में लाश,धारदार हथियार से हुई हत्या

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बाईक लेकर निकले व्यक्ति की खार में दूसरे दिन लाश पड़ी मिली। शरीर पर धारदार हथियार के निशान मिले है जिसे देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी ने उसकी हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खरकेना थाना हिर्री जिला बिलासपुर निवासी राम प्रसाद साहू 46 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 12 अप्रैल को प्रार्थी का छोटा भाई सूरेश साहू प्रार्थी के बेटे भूपेन्द्र से बाईक मांगकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी10 बीबी8549 सीडी डन हीरो होण्डा का चाबी मांग कर मोटर सायकल लेकर घर से निकला था साथ में अपना मोबाईल रखा था जिसमें सिम नंबर 6260827257 लगा हुआ है। दिनांक 13.04.2021 के सुबह कोटवार शिवनाथ द्वारा बताया गया कि सुरेश कुमार साहू ग्राम मुरू के पथराली खार में मृत पड़ा है। जाकर देखने पर सुरेश साहू का शव पथराली खार में राघव साहू के खेत प्लाट के पास टिकरा में पड़ा था उसके सिर, चेहरा, गर्दन, व गर्दन के नीचे किसी धारदार औजार से मारने के गंभीर चोटमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर किसी ने गंभीर चोट पहुंचा। उसकी हत्या कर दिया था। मृतक का मोबाईल गायब है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज अज्ञात आरोपी के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 302 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## जरूरतमंदों की मदद के लिये जिला पुलिस बनाई हेल्प डेस्क

**रायगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष सिंह द्वारा लॉकडाउन में जरूरतमंद लोगों को भोजन आदि में पेरशानी न हो इसके लिये थाना, चौकी प्रभारियों को अपने स्तर पर व्यवस्था देखने को कहा गया है, जिसके पालन में आज सुबह विभिन्न थानाक्षेत्रों में फुटपाथ, मंदिरों, दुकानों के बाहर असहाय लोगों में सुबह नाश्ता व दोपहर को भोजन का वितरण प्रभारियों द्वारा किया गया है। लॉकडाउन में बेसहारा व असहाय किस्म के व्यक्तियों की मदद के लिये जिले के कई समाजसेवी व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों से सम्पर्क किया जा रहा है किन्तु कोविड गाइडलाइन अनुसार खाद्य सामाग्रियों व अन्य किसी प्रकार की वस्तुओं के आमलोगों के वितरण की मनाही है, जिसे देखते हुए आज एसपी संतोष सिंह द्वारा "POLICE HELP DESK" बनाया गया है, इस हेल्प डेस्क के लिये उन्होंने डीएसपी सतीश भार्गव को नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। आमजन पुलिस सहायता के साथ विशेषकर जरूरतमंदों की मदद के लिये मोबाइल नम्बर 94791-93208 पर कॉल तथा व्हाट्सअप मैसेज कर मदद ले सकतें है, जिससे संबंधित थाने की पुलिस वहां पहुंचकर, उनकी मदद करेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जरूरतमंदों में खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिये पृथक से जवानों की टीम बनाई गई है। जिला पुलिस द्वारा जिलेवासियों को जरूरतमंदों की मदद के लिये भोजन व अन्य जीवनोपयोगी वस्तुओं की मदद की अपील की जा रही है, सहयोग के लिये इच्छुक व्यक्ति डीएसपी सतीश भार्गव के दिये गये मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकतें हैं। सहयोगकर्ता द्वारा प्रदाय खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं को खाद्य सामाग्री वितरण करने वाली पुलिस टीम उनके पास जाकर सामाग्रियां एकत्र करेगी, जिसके बाद उनका जरूरतमंदों में वितरण किया जावेगा। इस हेल्प डेस्क में न केवल जरूरतमंदों के भोजन के लिये बल्कि अन्य किसी प्रकार की भी सहायता के लिये सम्पर्क किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक बताये कि हेल्प डेस्क के अलावा आमजन पुलिस कन्ट्रोल रूम के नम्बर 94791-93299, डॉयल 112 तथा थानाक्षेत्र के थाना, चौकीप्रभारी को कॉल कर सकतें हैं, इमरजेंसी सेवा डॉयल 112 की वाहनों को हेल्थ व अन्य आवश्यक सेवाओं के लिये उपयोग में लिया जावेगा, जो चौबिसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

## होम आईसोलेशन में रखें ये सावधानियां

**रायगढ़।** कोविड-19 के तहत होम आईसोलेशन के मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ये सावधानियां बतायी गयी हैं। होम आईसोलेशन में स्वयं की निगरानी के लिए पल्स ऑक्सीमीटर अनिवार्य रूप से रखें। ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच करें। सामान्य स्थिति में 94 या उससे अधिक होना चाहिए। अपने हृदय गति की जांच करें। सामान्य 60-100 प्रतिमिनट होना चाहिए। थर्मामीटर से शरीर की तापमान की जांच करें। 6 मिनट वॉक टेस्ट तीन बार प्रतिदिन करें। चलने के पूर्व ऑक्सीजन सैचुरेशन पल्स ऑक्सीमीटर में देखकर नोट करें। घड़ी से 6 मिनट देखकर सामान्य गति से लगातार 6 मिनट चले। सामान्य गति से चलने के पश्चात् पल्स ऑक्सीमीटर से ऑक्सीजन सैचुरेशन से पुनः जांच करें। यदि आक्सीजन सैचुरेशन 94 प्रतिशत या उससे ज्यादा है तो यह सामान्य स्थिति है, लेकिन यदि आक्सीजन सैचुरेशन 94 प्रतिशत से कम है या चलने के पूर्व आक्सीजन जो पल्स ऑक्सीमीटर से जांच कर नोट किया था, वह तीन प्रतिशत से नीचे जाता है, तो तत्काल होम आईसोलेशन के हेल्प लाईन नंबर पर सूचित करने कहा गया है।

इसके अतिरिक्त होम आईसोलेशन में दिन में दो बार खाली पेट काढ़े का सेवन करने, भाप स्टीम लेने एवं कुनकुने पानी में नमक डालकर दिन में दो बार गरारे करने कहा गया है।

होम आइसोलेटेड मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए 24×7 कंट्रोल रुम संचालित है। कंट्रोल रूम मे 3 पाली में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 8 से दोपहर 2 बजे 7647921193, 7647921146, दोपहर 2 से रात 8 बजे तक- 7647921172, 7647921147 तथा रात 8 से सुबह 8 बजे तक 7647921175, 7647921184, किसी भी आपातकालीन स्थिति मे दो लैंडलाइन नंबर संचालित है 07762-232668, 07762-228000, दो वॉट्सएप नंबर भी कंट्रोल रूम मे 24×7 संचालित है 7647921154, 7647921184 इन नंबरों में संपर्क कर जानकारी व परामर्श ले सकते हैं।

## हो रहा वैक्सीनेशन का असर अब बुजुर्ग कम आ रहे हैं पॉजिटिव

**» जिले में पिछले 13 दिनों में 2932 कोरोना पॉजिटिव में 60 साल से ऊपर के सिर्फ235 पॉजिटिव**

**रायगढ़।** 45 साल के ऊपर करीब 94 परसेंट वैक्सीनेशन जिले में कर लिया गया है। इसका असर अब वर्तमान में देखने को मिल रहा है, रायगढ़ जिले में पिछले 13 दिनों में 2932 कोरोना वायरस पॉजिटिव आए हैं जिसमें से 60 साल से ऊपर के सिर्फ 235 केस ही मिले हैं।

कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के जनपद पंचायत सीईओ को ग्राम सचिव और सरपंच के माध्यम से 45 साल से ऊपर सभी लोगों को कोरोना वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए हैं।

### वैक्सीनेशन ही बचाएगा कोरोना से

**कलेक्टर सिंह ने कहा कि वर्तमान में कोरोना के और भयावह होने की अंदेशा मिल रहे हैं। दूसरे जिलों में मरीजों के इलाज के लिए ऑक्सीजनेटेड व आईसीयू बेड नहीं होने की बातें सामने आ रही है। वर्तमान में रायगढ़ जिले में ऑक्सिजनेटेड और आईसीयू बेड पर्याप्त है। हर रोज लिए जा रहे हैं जिले के आंकड़ों के हिसाब से 16 से 30 और 30 से 50 वर्ष आयु वालों का पॉजिटिव रिपोर्ट ज्यादा आ रहा है, जबकि 50 से 60 और 60 वर्ष से ऊपर आयु वालों का रिपोर्ट की पॉजिटिव संख्या बहुत कम है। इसलिए 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी लोगों को कोरोना का पहला और दूसरा दोनों डोज लगाने की आवश्यकता है। वैक्सीनेशन ही कोरोना जैसे महामारी से बचाव किया जा सकता है।**

लक्ष्य के अनुरूप जिले मे हर रोज कोविड-19 वैक्सीनेशन हो रहा है। वर्तमान में जिले में 45 वर्ष से ऊपर आयु वाले का करीब 94 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो चुका है। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने वैक्सीनेशन कारगर साबित हो रहा है। पिछले 1 अप्रैल से 13 अप्रैल तक 2932 नए कोरोना पॉजिटिव जिले में मिले हैं। इसमें से 60 साल से ऊपर के सिर्फ 235 केस सामने आए हैं। वैक्सीनेशन से पूर्व 60 साल से ऊपर लोगो को ज्यादा संक्रमण हो रहा था, लेकिन वैक्सीनेशन के बाद उम्रदराज लोगों पर संक्रमण कम होने की बातें सामने आई है। इसमें 1 से 15 वर्ष आयु वालों में 260 पॉजिटिव, 16 से 30 वर्ष आयु वालों में 911 पॉजिटिव, 21 से 50 वर्ष आयु वालों में सबसे ज्यादा 1197 पॉजिटिव, 51 से 60 वर्ष वालों में 329 पॉजिटिव मिले हैं। इसमे देखने वाली बात यह है कि 45 साल के ऊपर वालों को वैक्सीन लग चुका है, जबकि 1 से 30 वर्ष और 30 से 45 वर्ष के नीचे के लोगों को कोरोना वैक्सीन नहीं लगा है। हर रोज मिल रही जांच रिपोर्ट के आधार पर 31 से 44 वर्ष उम्र और 16 से 31 वर्ष उम्र वालों का ही ज्यादा संख्या में कोरोना पॉजिटिव आने की बातें सामने आ रही है।

### वैक्सीनेशन के साथ एहतियात भी जरूरी

**जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल खुद भी एक एमबीबीएस डॉक्टर हैं। डॉ.रवि मित्तल ने बताया कि जिले में 45 प्लस आयु वर्ग के लोगों का 94 प्रतिशत से ज्यादा वैक्सीनेशन हो चुका है, जिन्हें टीके का पहला डोज लगा है, उन्हें 6 हफ्ते बाद दूसरा डोज भी लगवाना होगा। इससे ही उनके शरीर में 81 प्रतिशत तक रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि टीका लगाने के बाद भी मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग और हाथों को सैनिटाइज करने के साथ भीड़-भाड़ वाले जगहों में जाने से बचने जैसे एहतियात बरतने की जरूरत है।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी ने बताया कि वैक्सीनेशन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि कोरोना टीके का दोनों डोज लेने के बाद शरीर में करीब 81 प्रतिशत तक रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है यह रिसर्च में सामने आया है। जिले में अब तक 45 वर्ष उम्र से अधिक लगभग 94 प्रतिशत लोगों को कोरोना टीका लग चुका है। वर्तमान में जो परिणाम आ रहे हैं उसमें 50 से 60 वर्ष और 60 वर्ष से ऊपर कोरोना पॉजिटिव की संख्या बहुत कम है। इसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वैक्सीनेशन के कारण ही जिले में वर्तमान में उम्रदराज लोगों की कोरोना पॉजिटिव संख्या कम हुई है।

### पिछले 24 घंटे का आंकड़ा

**पिछले 24 घंटे में रायगढ़ जिले में 388 पॉजिटिव केस मिले हैं। जिनमे 0 से 15 वर्ष आयु वर्ग में 27 पॉजिटिव, 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग में 127 पॉजिटिव, 30 से 50 वर्ष आयु वर्ग में 158 पॉजिटिव, 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग में 41 और 60 से ऊपर आयु वर्ग में मात्र 36 ही पॉजिटिव केस सामने आए हैं।**

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लॉकडाउन में अवैध शराब बिक्री, कोड़ातराई में 96 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़ ।** मंगलवार को चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला को मुखबिर से सूचना मिली कि कोड़ातराई के पास पैदल शराब परिवहन कर रहा है। जूटमिल प्रभारी बिना मास्क की कार्यवाही में लगे स्टाफ को कोड़ातराई शराब पर कार्यवाही के लिये रवाना किये स्टाफ द्वारा कोड़ातराई के पास एक व्यक्ति को सिर पर सफेद रंग की बोरी रखकर लाते हुए रोके, जिसके बोरी को चेक करने पर अंदर एक कार्टून में देशी प्लेन शराब की 96 पाव मिली, जिसे जप्त कर चौकी लाया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवही कर रिमांड पर भेजा गया है।

### छ.ग. डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों के लिए कोरोना उपचार की दरें जारी

**रायगढ़ ।** राज्य शासन द्वारा कोविड उपचार की अनुमति प्राप्त प्राइवेट अस्पताल जो कि डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत योजना में पंजीकृत भी है, ऐसे समस्त अस्पतालों में कोविड उपचार की दर संबंधी आदेश जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कल जारी आदेश के अनुसार इस योजना के तहत प्रतिदिन के मान से जनरल वॉर्ड हेतु 2000 रुपये, एच डी यू (ऑक्सीजन के साथ) 5500 रूपये, आईसीयू (बिना वेंटिलेटर के) 7000 रूपये और आईसीयू (वेंटिलेटर के साथ) 9000 रूपये निर्धारित किए गए हैं। आरटी पी सी आर की दर 550 रखी गई है। उपरोक्त पैकेज दर की परिभाषा एबी-पीएमजेवाई 2.0 गाइडलाइन के अनुसार होगी। सीटी स्कैन की जांच पर विशेष परिस्थिति में प्रतिबंध हटाया गया है जिससे कोविड-19, महामारी के दौरान भर्ती मरीज को इसकी सुविधा मिल सके। ज्ञात हो कि इसके पूर्व विभाग ने 12 अप्रैल को निजी अस्पतालों में उक्त योजनाओं के तहत पंजीकृत लोगों के लिए 20 प्रतिशत बिस्तर आरक्षित करने के आदेश जारी किए थे।

### पूर्व विवाद के चलते युवक के साथ मारपीट,तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व विवाद के चलते गाली-गलौच व मारपीट कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गली नंबर 03 प्रोफेसर कालोनी पुरानीबस्ती निवासी राज शुक्ला 19 वर्ष पिता ईश्वर शुक्ला ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि बीती रात 1.10 बजे व्यायाम शाला कुशालपुर के पास प्रार्थी अपने दोस्त साथ बैठा था। तभी मोटरसाइकिल से सोनू ठाकुर एवं उसके दो साथी पूर्व विवाद को लेकर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर किसी वस्तु से प्रार्थी के कमर पर मारकर चोट पहुंचाया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 294,506बी,323,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क पर मिला तेंदुआ का शव, जांच में जुटी वन विभाग की टीम

**महासमुंद (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राज मार्ग 53 में अज्ञात वाहन की ठोकर से तेंदुआ की मौत हो गई। सड़क पर मृत तेंदुआ पर आस-पास के ग्रामीणों की नजर पड़ी तब उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच शावक के शव को लेकर मुख्यालय आयी है व पोस्टमार्टम के बाद शव का दाह संस्कार करने की बात कही जा रही है। घटना पिथौरा वन परिक्षेत्र के टेका, मेमरा, राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ता है अक्सर यहां इस तरह की घटना होती रहती है। जंगली जानवर सड़क पार कर पानी की तलाश में भटक कर आ जाते है। जिसके चलते वन्य प्राणी वाहनों की चपेट में आ जाते है।

### कोरोना की जांच दरों में कमी की गई

**रायपुर (आरएनएस)।** कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य शासन ने आम जनता को राहत देने की दृष्टि से निजी पैथोलॉजी लैबों और अस्पतालों में कोविड-19 की जांच के लिए आर टी पी सी आर तथा एंटीजन रैपिड टेस्ट की दरों में काफी कमी की है। निजी लैबों और अस्पतालों में रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए 150 रूपए का शुल्क तय किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480